भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

माननीय प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र में सोलापुर हवाई अड्डे का उद्घाटन किया

सोलापुर हवाई अड्डे का विकास 65 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से किया गया है

नई दिल्ली, 30 सितंबर 2024: माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 29 सितंबर, 2024 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सोलापुर हवाई अड्डे के उद्घाटन सहित आवास एवं शहरी विकास, वाणिज्य एवं उद्योग आदि की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और लोकार्पण किया गया । इस अवसर पर महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडणवीस, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री श्री अजित पवार और केंद्रीय नागर विमानन एवं सहकारिता राज्य मंत्री श्री मुरलीधर मोहोल भी उपस्थित थे।

हवाई अड्डे का उद्घाटन करते हुए माननीय प्रधानमंत्री ने कहा कि इस हवाई अड्डे के विकास से धार्मिक स्थलों तक तीर्थयात्रियों की पहुंच आसान हो जाएगी, शहर के समग्र अवसंरचना में वृद्धि होगी, पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और आजीविका के नए अवसर सृजित होंगे, जिससे क्षेत्र के विकास को बढ़ावा मिलेगा।

सोलापुर हवाई अड्डे को कोड-बी-प्रकार के विमानों के प्रचालन के लिए 65 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से विकसित किया गया है। सोलापुर के टर्मिनल भवन का कुल क्षेत्रफल अब 1152 वर्ग मीटर है, जो व्यस्ततम समय के दौरान 150 यात्रियों और प्रति वर्ष 4.1 लाख यात्रियों की सेवा प्रदान कर सकता है। टर्मिनल दो चेक-इन काउंटर और पर्याप्त रियायतग्राही क्षेत्र जैसी आवश्यक यात्री सुविधाओं से पूर्ण रूप से सुसज्जित है। हवाई अड्डे का सिटी साइड क्षेत्र भी 100 कारों की पार्किंग के लिए विकसित किया गया है। एयरसाइड विस्तार में चार विमानों (दो क्यू-400/एटीआर-72 और दो बीसीएच-1900डी प्रकार के विमान) को समायोजित करने के लिए एप्रन का विस्तार शामिल है। प्रचालन आवश्यकता के रूप में अग्निशमन स्टेशन का निर्माण भी पूरा हो गया है।

टर्मिनल भवन ऊर्जा दक्ष प्रौद्योगिकियों और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से बिजली उत्पादन, भवन प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से 100% एलईडी प्रकाश नियंत्रण, ऊर्जा दक्ष विद्युत एवं मैकेनिकल उपकरण जैसे लागत प्रभावी कार्बन शमन कार्यों को लागू करके सतत विकास के लिए भाविप्रा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

टर्मिनल भवन के अंदर स्थापित कलाकृतियाँ सोलापुर शहर की समृद्ध कला, वास्तुकला और संस्कृति को प्रतिबिंबित करने के साथ-साथ इसके गौरवशाली अतीत को भी प्रदर्शित करेगी। टर्मिनल में विभिन्न स्थानों पर चित्रकला में लावणी नृत्य शैली, महाराष्ट्र के विभिन्न पारंपरिक संगीत वाद्ययंत्रों की छवियाँ और 'पंढरपुर वारी' की कलाकृतियाँ प्रदर्शित की गई हैं, जो यात्रियों को शहर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पुरातन परंपराएं और धार्मिक मान्यताओं की जानकारी देगी एवं सुखद अनुभव प्रदान करेगी।

नए हवाई अड्डे के साथ, सोलापुर में संपर्कता बढ़ने की आशा है, जिससे क्षेत्र में व्यापार के अवसरों और पर्यटन में वृद्धि होगी। सोलापुर अपने कपड़ा उद्योग, विशेष रूप से सोलापुरी चादरों और तौलियों के लिए प्रसिद्ध है, जो न केवल भारत में बल्कि अन्य देशों में भी अपनी गुणवत्ता और शिल्प कौशल के लिए प्रसिद्ध है। इसके अतिरिक्त, सोलापुर अपने कृषि उत्पादों के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें अनार और गन्ना शामिल हैं, जो इसके आर्थिक विकास में योगदान करते हैं।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी
विस्तृत विवरण के लिए कृपया महाप्रबंधक (निगमित संचार) से संपर्क करें: 011-20818228
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 09/2024-25

Pune Metro Rail Project
Solapur Airport
Bidkin Industrial Area, Maharashtra
श्री नरेन्द्र मोदी
Shri Narendra Modi

Ganesh Kala Rangmanch-Pune
Governor-MH
Governor-MH